दिन– मंगलवार दिनांक– 24 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा है कि यह लोकतंत्र की आधारशिला है। श्री कुमार आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया बिहार में शुरू की गई थी, जो बिना किसी अपील के त्रुटिरहित रूप से पूरी हो गई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि अब निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों के बीच आवश्यक तालमेल स्थापित करने का समय आ गया है। सम्मेलन में चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के साथ प्रौद्योगिकी, ईवीएम और मतदाता सूचियों को साझा करने पर चर्चा होगी। यह गोलमेज सम्मेलन सत्ताईस वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है।

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र का आज सोलहवां दिन है। विधानसभा की कार्यवाही आज हंगामे के साथ शुरू हुई। पटना में चौकीदारों पर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर विपक्षी सदस्यों ने सदन में चर्चा की मांग की, जिसे लेकर सत्तापक्ष और विपक्षी सदस्य आमने–सामने आ गए। इस बीच, राजद के भाई बिरेन्द्र और अन्य सदस्य वेल में आकर हंगामा करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने हस्तक्षेप किया और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाई। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार ने किसी के प्रदर्शन पर रोक नहीं लगाई है। उन्होंने कहा कि जायज मांगों पर विचार किया जाएगा। इससे पहले, विधानसभा के बाहर भी राजद सदस्यों ने इस मुद्दे को लेकर हंगामा किया।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में माकपा के अजय कुमार के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि डिजास्टर मैनेजमेंट की पढ़ाई सभी शिक्षण संस्थानों में होगी। शिक्षा मंत्री ने सदन को यह भी जानकारी दी कि राज्य के सभी स्कूलों में चालीस करोड़ रुपये की लागत से सेनेट्री पैड वेंडिंग मशीन लगाई जाएगी।

———————————————————————

विधान परिषद की कार्यवाही भी आज सुचारू रूप से चल रही है। कांग्रेस पार्षद मदन मोहन झा ने आज सदन में एएनएम कर्मियों के वेतन भुगतान का मुद्दा उठाया। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अपने उत्तर में कहा कि सात हजार तीन सौ तैंतीस एएनएम कर्मियों में से लगभग पैंसठ सौ कर्मियों का वेतन भुगतान कर दिया गया है। शेष कर्मियों का वेतन भुगतान भी जल्द कर दिया जाएगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि मक्का के औद्योगिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तीस औद्योगिक इकाईयों में सात सौ चौदह करोड़ रूपये का निवेश किया गया है। उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कल विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर में मक्का प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में अट्ठावन नये निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है।

———————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज बिहार दौरे पर हैं। श्री नवीन दरभंगा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की दिवंगत माता के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। इसके साथ ही पटना में पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक का भी कार्यक्रम है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जवकटिया और बैठनिया गांव में पुलिस ने छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक दर्जन एटीएम कार्ड और विभिन्न बैंकों के पासबुक बरामद किए गए हैं।

———————————————————————

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक वाहन से भारी मात्रा में गांजा बरामद के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।